सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-323
16/07/2018

सुखाड़ की स्थिति से निपटने को तैयार रहें अधिकारीगण :– मुख्यमंत्री

पटना, 16 जुलाई, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में सुखाड़ की स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री के समक्ष कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य विभाग ने संभावित सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए अपने विभागों के द्वारा की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। मौसम विज्ञान केन्द्र के अधिकारी ने बताया कि राज्य में 22 जुलाई के बाद वर्षा की संभावना बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को डीजल अनुदान यथाशीघ्र किसानों तक पहुंचाने की बात कही। अगर वर्षा नहीं हो पाती है तो उस स्थिति में धान की रोपाई के लिये विकल्प के तौर पर आकस्मिक फसल योजना के तहत वैकल्पिक फसल के लिए बीज की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने यह जानना चाहा कि ग्राउंड वाटर इरिगेशन की क्या स्थिति है और इसकी समस्या से निपटने को लेकर क्या तैयारियॉ हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को पीने के पानी उपलब्ध कराने के लिए चापाकल के सुचारु संचालन की जिलावार स्थिति को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। ऊर्जा विभाग को किसानों की सुविधा के लिए अधिक से अधिक नियमित बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया। प्रधान सचिव ऊर्जा ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में 20 से 22 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही ह। जल संसाधन विभाग को कैनाल एरिया में जल की उपलब्धता के बारे में सचेत रहने को भी कहा गया। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को पशुओं के चारे एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था को लेकर सजग रहने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से निपटने के लिए हर वक्त तत्पर रहने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को आपस में तालमेल बिठाकर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जल्द वर्षा नहीं होती है तो किसानों को मिलने वाली आपदा संबंधी सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों पर नजर रखते हुए किसानों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराया जाय।

बैठक में विकास आयुक्त श्री शशि शेखर शर्मा, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री सुधीर कुमार, आपदा प्रबंधन एवं ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, पशु एवं मत्स्य विभाग की सचिव श्रीमती एन0 विजया लक्ष्मी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री लोकेश कुमार सिंह, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******